पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# स्वामी विवेकानंद योजना के तहत छात्रों को टैबलेट वितरित

## तकनीक से शिक्षा सशक्तः छात्रों को मिला डिजिटल संबल

लखनऊ : 28 जुलाई, 2025

राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ में सोमवार को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत एम.एससी. (फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी) सत्र 2024–25 के छात्र–छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में श्री बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों को टैबलेट प्रदान किए।

कार्यक्रम में विभाग के निदेशक श्री भानु प्रकाश राम, डॉ. सर्वेश कुमार (संयुक्त निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण), डॉ. हरीश कुमार (मुख्य अनुदेशक एवं योजना के नोडल अधिकारी), डॉ. रामराखा सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश कुमार द्वारा कुशलता से किया गया।

समारोह के समापन पर डॉ. सर्वेश कुमार ने अपर मुख्य सचिव श्री बी.एल. मीणा का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं सभी छात्र–छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम छात्रों में तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

---

**सम्पर्क सूत्र– बी0एल0 यादव**

राघवेन्द्र / 07:20 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in